मनमानी

## बस संचालकों के सामने पुलिस आरटीओ व नगर पालिका प्रशासन नतमस्तक

# लाखों का बना बस स्टैंड फांक रहा धूल

**नरसिंहपुर/गोटेगांव।** नगर में बस स्टैंड की सौगात तो मिली ही है लेकिन उस सौगात पर चांद ना लग जाए यह शायद बस संचालकों की मनसा है जी हां यदि बस स्टैंड चालू होता है तो रोजगार के भी अनेकों अवसर बेरोजगार युवाओं को मिल सकते हैं लेकिन सरकार की वह बिल्डिंग धूल मिट्टी फांक रही है और वह बिल्डिंग इंतजार कर रही हैं कि हमारा कोई तो रंग रोगन कर दे लेकिन यह प्रशासनिक नुमांइदों की नुमाएंगी का हाल तो देखिएं जब इनको फुर्सत ही नहीं है या काहे की बस संचालकों को यह मना नहीं पा रहे हैं कहीं ना कहीं प्रशासन की नाकामी सामने आ रही है।



### बिगड़ी यातायात व्यवस्था

बस स्टैंड होने के बावजूद भी बसें बस स्टैंड पर नहीं खड़ी हो रही है और जहां मनमर्जी आती है बीच रोड़ पर बस खड़ी हो जाती है और सवारियां बिठलाती है जिससे नगर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है हाल तो यहां तक है कि यहां पर गोटेगांव में चार अस्थाई बस स्टैंड स्थानों पर बस रूकती है पहले पुराना बस स्टैंड दूसरा ठाकुर बाबा तीसरा नया बस स्टैंड के सामने चौथ बाईपास चौराहे पर और फिर जहां मनमर्जी लगे वहां से सवारी बैठा लेते हैं।

### अनेकों बार पुलिस प्रशासन चला चुका है मुहिम

हालांकि कई बार पुलिस प्रशासन मुहिम तो चला चुका है लेकिन कहीं ना कहीं यह मुहिम जमीन स्तर पर नहीं आ पाई है और बस स्टैंड को चालू करने के लिए बस संचालकों की बैठक भी थाना प्रभारी द्वारा ली गई लेकिन आज वर्तमान स्थिति में भी नया बस स्टैंड चालू नहीं हो सका इससे साफ नजर आता है कि बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन उनके सामने नतमस्तक है। नए बस स्टैंड में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नाही इसकी देखरेख हो रही है और प्रशासन के लाखों रुपए से बनी बिल्डिंग धूल मिट्टी खाने के साथ-साथ जर्जर हालत में पहुंचने की कगार पर है

### हो रहे सार्वजनिक कार्यक्रम

बस स्टैंड सार्वजनिक कार्यक्रमों तक ही सीमित रह गया है और यहां पर सार्वजनिक कार्यक्रमों को किया जाता है साथ ही साथ अपने निजी वाहनों को भी यहां पर खड़ा कर दिया जाता है।

### यात्रियों की मांग

बस यात्रियों का कहना है कि व्यवस्थित स्थाई बस स्टैंड ना होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसे की सुलभ व्यवस्था हो चाहे फिर या यात्री प्रतीक्षालय या अपनी व्यवस्था यहां से वहां भटकते हुए बस का इंतजार करना पड़ता है नगरीय प्रशासन को इस और ध्यान आकर्षित कर जितने भी अस्थाई बस स्टैंड है उनको अलग कर लाखों के बने स्थाई बस स्टैंड को सुचारू रूप से चालू कराया जाए।

### इनका कहना है



मैंने पूर्व में थाना गोटेगांव को कहा था और बल्कि उनके द्वारा पुलिस थाने में बस संचालकों की बैठक ली गई थी और बस संचालकों को समझाया था अगर ऐसा है की स्थाई बस स्टैंड में बसें खड़ी ना करके नगर की मुख्य सड़कों पर बसें खड़ी कर सावरिया बिठा रहे हैं तो कार्यवाही की जाएगी

**-देवंती परते**
एस.डी.एम,गोटेगांव



## राड मारकर किया लहू लुहान

**गोटेगांव।** बीते दिनों साहू मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय प्रकाश साहू पिता धनीराम साहू ने पुलिस थाना गोटेगांव पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथ कुम्हारी मोहल्ला निवासी उमेश उर्फ अय्यर प्रजापति ने लोहे की राड से सिर पर हमला कर घायल कर दिया, प्रकाश साहू ने प्राथमिक की दर्ज कराते हुए कहा में टॉकीज के पास नमकीन का ठेला लगता हूं, उमेश उर्फ अय्यर उसके पास नमकीन लेने आया तो मैंने यह कहकर मना कर दिया कि पिछले पैसे भी बाकी है इसलिए में तुम्हें उधार नहीं दूंगा जिस पर उमेश उर्फ अय्यर ने मां बहन की गालियां देते हुए उस पर लोहे की रात से प्राण घातक हमला कर दिया, हमले में घायल लहू लुहान हालत में प्रकाश साहू ने मारपीट की घटना को लेकर थाना गोटेगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई है वहीं पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 173 बी एन एस के तहत रिपोर्ट संख्या 0627 के तहत मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की धारा 206, 115/2, 351/2, 118/1, मामला संज्ञान में लिया है।

## फुटपाथ पर सजी दुकानों से यातायात प्रभावित

**गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि स्थानीय झंडा चौक से लेकर सब्जी मंडी तक एवं झंडा चौके से लेकर पुरानी पुलिस चौकी तक सड़कों के किनारे बने फुटपाथ पर दुकानें सजना आम होता जा रहा है, इन मार्गो में सड़क के किनारे का भाग सज रही दुकानों के चलते अतिक्र मण की चपेट में आ रहा है। ज्ञातव्य हो कि वैवाहिक कार्यक्रमो के चलते दुकानदारों में ग्राहकों को लुभाने की होड़ सी लगी हुई है।

जिस कारण वे अपनी दुकानों को बाहर की ओर लगाना पसंद कर रहे है, दुकानदारों की बिक्री की जाने वाली समग्री फुटपाथ पर सजने लगी है, नगर के ह्रदय स्थल झंडा चौक, शिवालय चौक, श्याम टाकीज रोड जाने वाले मार्ग पर इस तरह दुकानों के सामनें रखी जाने वाली सामग्रियों रोड पर रखना आम रिवाज बन चुका है, क्योंकि दुकानदार अपनी दुकान को अलग अलग दिखाने की चाहत में दुकान के अंदर रखी हुई सामग्रियों को बाहर निकाल कर रख रहे है, ताकि उपभोक्ता आकर्षित होकर सामग्री को क्रय कर सके, इस तरह बाहर रखी हुई सामग्रियां जहां एक ओर ग्राहकों कों आकर्षित अवश्य कर रही है वही स ?कों पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, वही दूसरी ओर कुछ हाथ ठेलों पर सामन बेचने वाले जिसमें प्रमुख रूप से फल विक्रेताओं द्वारा पूर्णरूप से मुख्य सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया गया है, यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्तम क्षेत्र होने के साथ साथ नगर का मुख्य सड़क मार्ग भी है, इस तरह की आवो हवा में राहगीरों को गुजरने में कठिनाईयों के साथ मार्ग को तय करना पड़ रहा है, वर्तमान परिवेश में जहां वाहनों में वेतहाशा वृद्धि हुई है व नगर में दौड रहे दो पाहिया वाहन चार पाहिया वाहनो में इजाफा होने के साथ साथ इस सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों को चलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, पैदल चलने वालों के लिए भी इस व्यस्तम सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो रहा है, इस अव्यवस्था कें चलते पैदल चलने वाले लोगो को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, दुकान संचालकों की मनमानी से वाहनो से सड़क पर निकालने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है दुकानों के सामने रखा हुआ सामान दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है नगर के इस भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र पर छुट पुट बारदातें सामने आती रहती है वही शाम के वक्त यहां के हालत और भी बत्तर हो जाते है, जिस कारण शाम के समय सडकों पर भारी भीड़ देखी जा रही है वही दुकानदारों की मनमानी के चलते सामने रखी समग्रियां वाहनों को निकलने मे परेशानी पेदा कर रहा है,उल्लेखनीय है कि आने वाले तेज धूप के समय में लोग सुबह से ही अपने काम काज निपटाते है, यदि समय रहते नगर की सड़कों पर दिनों दिन बढ़ रही अतिक्रमण पर रोक नही लगी तो सड़के दुकानों में तब्दील हो जावेगी।

## चोरों ने जेवर नगद, मोबाइल पर किया हाथ साफ

**गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम बगासपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी पेटी से सोने का हार 3 तोला, झुमकी 1.5 तोला, चांदी की पायल-बिछिया, 55,000 नगद और मोबाइल फोन चोरी करके फरार हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम बगासपुर निवासी उजयार पटेल (50 वर्ष) पुत्रीशाला मोहल्ला में रहते हैं। रात में घर में घुसे चोरों ने पेटी का ताला तोड़कर कीमती गहने व नकदी पर हाथ साफ किया। चोरी हुआ मोबाइल का नंबर 8817763327 बताया गया है। घटना कीशिकायत पीडति ने गोटेगांव थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।




## वैश्य महासम्मेलन की संगठनात्मक बैठक

**गाडरवारा।** स्थानीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई और नवीन सदस्यों को वैश्य महासम्मेलन संगठन का परिचय और उद्देश्यों को प्रांतीय, संभाग, जिला व तहसील स्तरीय पदाधिकारियों ने बताते हुए समवेत स्वरों में संगठनात्मक स्वरूप को गांव गांव, नगर पालिका क्षेत्र में हर मुहल्ले में विस्तारित करने के लिए आव्हान किया नवसदस्यो को इस संगठन के बैनर तले सामाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक, और मानवीय मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध कार्यक्रमों की सुनिश्चित योजना बनाई जाने का परामर्श दिया गया महावीर भवन में आयोजित बैठक मे सर्वश्री सुनील कोठारी, राजीव जैन थाला वाले, आदि दायित्व वान लोग शामिल हुए।

## संस्कारधानी में ऐतिहासिक क्षण, शंकराचार्य का चातुर्मास व्रत पूर्ण

**गोटेगांव।** स्थित परमहंसी गंगा आश्रम आज भक्ति, भजन और आध्यात्मिकता से सराबोर रहा। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में भक्तगणों ने भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। कथा के पश्चात विधि-विधान से पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने परिवार सहित भाग लेकर अपने जीवन को धन्य माना।

कथा पूर्ण होने के पश्चात पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने मां भगवती एवं ब्रह्मलीन गुरुदेव की समाधि स्थल पर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम परिसर मंत्रोच्चार, भजन और श्रद्धा की उमंग से गूंज उठा। पूज्य



शंकराचार्य जी सीमा उल्लंघन के लिए हुए रवाना संस्कारधानी जबलपुर की पावन धरा और मां नर्मदा के तट पर आज अलौकिक दृश्य देखने को मिला। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का चार महीने का चातुर्मास व्रत विधिपूर्वक पूर्ण हुआ। प्रातः 8ः00 बजे परंपरानुसार सीमा उल्लंघन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, जिसमें वेद-मंत्रों की गूंज और भक्तों का उल्लास वातावरण को अद्वितीय बना रहा। परमहंसी गंगा आश्रम में चार माह तक चातुर्मास व्रत करते हुए पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने श्रोताओं को श्रीरामकथा, शिवमहापुराण, वेद-उपनिषद एवं संत वाङ्मय के अमृतरस से तृप्त किया। उनके प्रवचनों ने हजारों श्रद्धालुओं के जीवन में धर्म, संस्कार और आत्मचिंतन की ज्योति जगाई। सनातन परंपरा के अनुसार चातुर्मास के दौरान दंडी सन्यासी एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। व्रत की पूर्णता पर नदी अथवा सरोवर के तट पर जाकर सीमा उल्लंघन किया जाता है, जिससे पुनः भ्रमण और जनसेवा का क्रम आरंभ होता है। मां नर्मदा की धारा के समीप यह परंपरा आज सजीव हुई। चातुर्मास साधना का काल है। इन चार महीनों में आत्मसंयम, जप-तप और शास्त्रचिंतन से मनुष्य अपने जीवन को शुद्ध करता है। मां नर्मदा की कृपा से जो साधना सम्पन्न हुई है, उसका फल जनकल्याण और धर्मरक्षा में लगेगा। सीमा उल्लंघन के इस अवसर पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आचमन कर गुरु चरणों में नमन किया। अनेक श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। वातावरण में भजन, घंटा-घड़ियाल और वैदिक मंत्रों की गूंज ने कार्यक्रम को दैवीय आभा प्रदान की। जबलपुर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान आज और प्रखर हुई।



## सांगई में आईटीआई की टीम ने दी स्वरोजगार से जुडी जानकारी

**गाडरवारा।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे शासकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गाडरवारा की टीम ने छात्र छात्राओं को स्वरोजगार से संबंधित पाठ्यक्रमों के बारे मे बताया। टीम ने बताया कि स्वीइंग टेक्नालाजी पाठ्यक्रम के माध्यम से 8 वी पास छात्राएँ 1 वर्ष का कोर्स करके सिलाई कढ़ाई आदि कार्यों मे दक्ष हो सकती है एवं इसे करने के बाद स्वरोजगार से जुड़ सकती है। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि वे अपने पड़ोस के लोगों तक इससे जुडी जानकारी अवश्य दें।

### एक नजर में



#### तेंदूखेड़ा में शोभायात्रा निकली

**तेंदूखेड़ा।** दस दिनों तक चले दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर श्रीजी की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। वहीं नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन छोटे मंदिर में चंद्रप्रभु भगवान की आरती में श्री राम रसिया भक्त मंडल के सदस्यों ने पहुंचकर संगीतमय आरती में भाग लिया।

#### हत्या का संदेह, एस पी को सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** विगत 30 जुलाई को तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खेरी कला निवासी पुरुषोत्तम पटेल का शव राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर एक वेयरहाउस के समीप नग्न अवस्था में खेत में पानी में डूबी हुई मिली थी ।इसके पूर्व में परिजनों ने 28 जुलाई को पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शव मिलने के बाद से ही मृतक के परिजनों द्वारा घर से जो गांव के और भी लोग साथ लेकर गये थे। उन पर संदेह जताया है।एक साथ घर से जाना फिर केवल पुरुषोत्तम को वापिस ना लौटना परिजनों द्वारा बार पूछने साथ लेकर जाने कोई स्पष्ट जबाब ना देने मृतक के कपड़े मोबाइल और मोटरसाइकिल दूर खड़ी मिलना कई प्रकार के संदेहों को जन्म दिया जा रहा है। परिजनों द्वारा पुलिस को तत्काल नाम सहित हत्या का मामला दर्ज करने के लिए कहा भी था लेकिन अभी तक कोई उचित जांच ना होने की स्थिति में आरोपी खुले आम घूमने को लेकर पिछले दिनों एस पी कार्यालय जाकर उचित जांच की मांग की गई है।

#### दो पक्षों में मारपीट

**गोटेगांव।** विगत दिवस पुलिस थाना गोटेगांव के तहत नगरपालिका सीमा इलाके में मौजूद बिलवार के बगीचा में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के सदस्यों की रिपोर्ट पर काउंटर मामला दर्ज किया है। पहला मामला हेंमत चक्रवती की रिपोर्ट पर बिल्ली उर्फ गणेश प्रजापति के खिलाफ धारा 118 के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि अपने हाथ में रखे चाकू से मारपीट की घटना करके चोट पहुंचाई गई है। वहीं बिल्ली उर्फ गणेश प्रजापति की रिपोर्ट पर हेमंत चक्रवती के खिलाफ धारा 296 के तहत प्रकरण कायम किया है। जिसमें कहा गया कि गालियां देने के साथ मारपीट करके चोट पहुंचाई गई।

#### महिला की मौत

**गोटेगांव।** समीपवर्ती पुलिस थाना मुंगवानी के खापाशेढ़ गांव में एक महिला कलाबाई रजक 55 साल की सर्पदंश से इलाज दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस से डायरी आने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## पेंशनरों की बैठक में नवीन सदस्यों का सम्मान

**गाडरवारा।** विगत दिवस मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा गाडरवारा की मासिक बैठक शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में अनिल स्थापक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नवीन सेवानिवृत शिक्षक महेश अधरुज, रमाकांत परासर, पी एस पटेल, बी एम पाठक, उमाशंकर श्रीवास्तव का सम्मान कोषाध्यक्ष एवं एल एन दीक्षित और अनिल स्थापक द्वारा फूल माला एवं श्रीफल भेंट कर किया गया द्य बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से पेंशनरों को शेष महंगाई भत्ता शीघ्र स्वीकृत की जाने की मांग की जाएगी नवीन सदस्यों द्वारा संघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण की संघ द्वारा माह के द्वितीय शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन खप्पर वाले हनुमान मंदिर में किया जाना निश्चित हुआ है बैठक को सम्बोधित कर अपना परिचय के साथ साथ अपने कार्यानुभव से सभा को अवगत कराया गया।

## पशु केन्द्रों में आये दिन लटके रहते है ताले

**गाडरवारा।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले लोगों को उनके पालतू पशुओं का जरूरत पड़ने पर समय समय पर इलाज होने के साथ साथ पशु संबंधी जरूरी जानकारियों प्राप्त करने के लिए जहां तहां पशु केन्द्र स्थापित किये गये है।



मगर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इन पशु केन्द्रो में अधिकांश समय मात्र ताला लटका होने के कारण जहां यह मात्र शोभा की सुपारी बन कर रहे गये है वही दूसरी ओर इन पशु केन्द्रो के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ मिलता हुआ जान नही पड़ रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में बने हुये पशु चिकित्सा केन्द्र सहित अन्य ग्रामों में स्थापित केन्द्रा में भी देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि जब क्षेत्र के किसान जरूरत पड़ने पर अपने पशुओं को लेकर यहां पर पहुंचते है तो वहां पर मात्र ताला लटका हुआ ही मिलने के कारण वह निराश होकर बापिस हो जाते है, जबकि गौर किया जावे तो इस समय चल रहे बारिश के दौर में पशुओं में अनेक प्रकार की बीमारी फैलने का भय रहता है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां पर पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के दर्शन हो पाना मुश्किल होने के कारण न तो क्षेत्र के लोगों को पशु संबंधी जरूरी जानकारियाँ मिल पा रही है और नही पशुओं को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाएं जिसके चलते क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे है।

## भव्य विमान उत्सव समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन

**गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम देवनगर पुराना में राजपूत समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष एकादशी से अनंत चतुर्दशी तक विमान उत्सव समारोह का आयोजन किया किया गया जिसमें एकादशी के दिन श्री कृष्ण भगवान के मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तत्पश्चात राजपूत समाज के द्वारा देवनगर मंडल के राजपूत समाज के विमान स्थल पर विमान विराजित किए गए।

जिसमें प्रतिदिन आरती,पूजन, भजन एवं भव्य कार्यक्रमों का आयोजन समाज के सहयोग से किया गया ,द्वादशी के दिन दमोह से आए हुए कलाकारो ने भजनों के माध्यम से ग्राम के आसपास से आए हुए सम्मानित और प्रतिष्ठितजनों को श्री बांके बिहारी की भक्ति से अभीभूत किया, वहीं श्री कृष्ण ड्रामा कंपनी के द्वारा ड्रामा प्रस्तुत किया गया आज के इस मोबाइल और इन्टरनेट के युग में अपनी संस्कृति और परंपरा का



निर्वहन करते हुए कंपनी के कलाकार एवं श्री कृष्ण विमान उत्सव समिति ग्राम और ग्राम के आसपास के लोगों सांस्कृतिक मूल्यो से जोड़कर रखे हुए हैं, नवयुवक मंडल के युवकों के द्वारा प्रतिदिन महाप्रसाद का वितरण किया गया, अनंत चतुर्दशी के पावन दिन पुनः शोभा यात्रा निकालकर भगवान अपने मंदिर में विराजित हुए। विमान उत्सव समारोह में लोकप्रिय विधायक महेंद्र नागेश के साथ साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं आस पास के वरिष्ठ एवं सम्माननीय जनों ने श्री बांके बिहार का आशीर्वाद लिया विमान उत्सव को सफल बनाने में श्री कृष्ण विमान उत्सव समिति के संरक्षक नारायणसिंह मोहरी, देवीसिंह तोमर अध्यक्ष सुरेंद्र सिसोदिया, उपाध्यक्ष विजय सिंह सिसोदिया, नरेंद्र मोहरी सचिव संतोष सिंह सिसोदिया, हरिशंकर सिंह सहसचिव अजय सिंह,सीताराम सिंह संगठन मंत्री राजेश सिंह, रविकांत सिंह एवं नवयुवक राजपूत समाज संगठन का विशेष सहयोग रहा।

## पर्युषण पर्व का समापन, तपस्वियों की हुई पारणा

### वीर वहीं होते है जिनमे है क्षमा धारण करने के भाव : वंदना दीदी

**करेली।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मनाया जाने वाला पर्वाधिराज पर्युषण पर्व रविवार को सानंद संपन्न हुआ। भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्युषण पर्व दसलक्षण पर्व पर जहां दसों दिन उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन व उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर सागर से पधारी ब्रम्हचारिणी वंदना दीदी ने अपने मुखारविंद से धर्मोपदेश के माध्यम से सभी को ज्ञान दिया तो दसों दिन तक उपवास करने वाले तपस्वियों का पारणा भी किया गया ।इस वर्ष क्षमावाणी महापर्व शुभम् कॉंलोनी स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में बगीचा परिसर में सामूहिक रूप से मनाया गया। तपस्वियों में अमित जैन संजय, अतिशय जैन, मयूर जैन, सिद्धांत जैन, पलाश मोदी, हर्ष जैन, मनोज सिंघई, सजल जैन,



आतिशय जैन राज,अक्षत जैन,पर्व जैन, सम्यक जैन, प्रतिभा सिंघई, माही बढ़कुर, साक्षी जैन, नमि सिंघई,पल्लवी जैन, नेहा जैन, सोनाली जैन आदि उपवास कर्ताओं को समाज के राजेन्द्र जैन मास्साब, राजकुमार सिंघई, महेश मोदी मामा, मुकेश सिंघई, मनोज जैन लालू, प्रमोद बड़कुर, जिनेश सिंघई, संतोष जैन गुड्डा ने दूध पिलाकर पारणा कराया। ज्ञातव्य है कि पर्युषण पर्व जैन समाज के उपवास में दस दिनों तक दिन में सिर्फ एक बार जल ही ग्रहण किया जाता है ।तपस्वियों की हुई पारणा पर सभी ने अनुमोदना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद जैन विपुल ने किया। दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया गया, जहां ब्रम्हचारिणी वंदना दीदी, नगर गौरव आभा नूरी दीदी, मोना दीदी जी ने अपने मुखारविंद से कहा कि वीर पुरुष वही होते हैं जो क्षमा को धारण करते है।

### मोक्ष को प्राप्त करें

यह क्षमा पर्व हमें यह सिखाता है कि हमसे वर्ष भर में हुई गलतियों की हम एक दूसरे से क्षमा याचना करें व इस मार्ग पर चलकर मोक्ष को प्राप्त करें। लोगो ने एक दूसरे से हाथ जोड़कर जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना की। समाज के विभिन्न महिला मंडल, युवा मंडल के सदस्यों सहित नगरपालिका मे स्थानीय पार्षद प्रिया भसीन, सुभाष वार्ड पार्षद ज्योति जैन व अन्य लोगो ने भी अपने भाव क्षमायाचना पर रखे। श्री दिगम्बर जैन पंचायती जिन मंदिर ट्रस्ट कमेटी बड़ा मंदिर लक्ष्मीनारायण वार्ड करेली के गत दिवस हुए निर्वाचित सदस्यों पदाधिकारियो मे अध्यक्षई सहित जैन ठेकेदार का सम्मान बगीचा मंदिर कमेटी अध्यक्ष कमल कुमार जैन सहित सुनील कुमार जितेन्द्र कुमार जैन परिवार ने शाल श्रीफल से किया।

## ग्राम कोटवारों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न हल्का पटवारियों के द्वारा तहसीलदार एवं आर आई को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की गई है कि शासन स्तर से उनकी मांगों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये ।इनमें जामनपानी ग्राम की कोटवार मालती बाई का निधन हो जाने पर उनके वारसान को नियुक्त किया जाये। कोटवारों के खातों में वर्दी की राशि डाली जाए। ऐसे कोटवार जो वृद्ध हो जाने पर सेवा से मुक्त हो चुके हैं। उनके लिए शासन द्वारा घोषित एक लाख रुपए की राशि प्रदान किया जाये। नये कोटवारों के नाम से भूमी राजस्व भू अभिलेख में दर्ज कराई जाये ।साथ ही जिन कोटवारों के द्वारा सीमांकन के लिए आवेदन किए गए हैं उनके सीमांकन करवाकर विधिवत कब्जा दिलाया जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश चंद मुकेश विनोद वीरेंद्र विजय कमलेश शालिगराम ओमनारायण तेजाबाई चढ़ार प्रमुख रुप से



## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा कल से

**तेंदूखेड़ा।** भगवान बांके बिहारी जी पुण्य सलिला मां नर्मदा की कृपा से समीपी ग्राम मनकापुर में कल 10 सितंबर से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन भागवतोपासक पं रामनाथ जी शास्त्री के मुखारविंद से दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित की जायेगी।

मकान बेचना है

भगत सिंह वार्ड, टेलिफोन कॉलोनी, बाहरी रोड, कंदेली, नरहसिंहपुर, पूर्व मुखी पुराना (40×80) क्षेत्र मे स्थित शीघ्र बेचना है।
सपर्क करे 9425981479